संख्या-47/2022/578/001-46-sa-2022

प्रेषक,

अभय कुमार ,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास)/विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-10 लखनऊ दिनांक 26 जुलाई,2022

विषयः- वित्तीय वर्ष 2022-2023 में राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत जनपद अम्बेडकरनगर के 03 चालू सेतुओं के निर्माण कार्य हेतु धनराशि का आवंटन ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियंता (सेतु विंग) लोक निर्माण विभाग के पत्रांक-288/सी0ई0-एस0ई0बी0/आर0वाई0बी0/ए0डी0वाई0/2022-23 दिनांक 08.07.2022 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2022-2023 में राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत जनपद अम्बेडकरनगर के 03 चालू सेतुओं के निर्माण कार्य हेतु निम्नांकित तालिका के कॉलम-04 में अंकित कार्यों के सापेक्ष तालिका के कॉलम-13 में अंकित लागत कुल धनराशि रू0 197.28 लाख (रूपये एक करोड़ सत्तानबें लाख अटठाईस हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल निम्नलिखित विवरण/शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः- (धनराशि लाख रूपये में)

क्र सं	क्षेत्र का नाम	खण्ड/जनपद का नाम	मार्ग का नाम	स्वीकृत मूल लागत	दिनॉक 31.3.2021 तक आवंटन	दिनॉक01.04 2022 को अवशेष	बचत	वर्ष 2022-23 में आवंटन	अद्यतन अवशेष	वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रस्तावित आवंटन		
										अनुदान सं0-57	अनुदान सं0-83	योग (11+12)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1	अयोध्या	नि.ख. अम्बेडकरनगर	जनपद अम्बेडकरनगर में घिन्डापुर एवं माझा कम्हरिया के बीच पिकिया नाले पर 4 x4 मी0 बाक्स कल्वर्ट, पहुँच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुँच मार्ग के निर्माण कार्य।	180.97	169.20	11.77	3.27	0.00	8.50	**6.70**	**1.80**	**8.50**
2	अयोध्या	प्रा.ख. अम्बेडकरनगर	जनपद अम्बेडकर नगर के विधानसभा कटेहरी में राजस्व ग्राम फतेहपुर बेलाबाग में भदवन नाले पर 2x5 मी. स्पान के लघु सेतु, पहुँच मार्ग के निर्माण कार्य।	116.82	11.43	105.39	2.24	0.00	103.15	**81.27**	**21.88**	**103.15**

3	अयोध्या	प्रा.ख. अम्बेडकरनगर	**जनपद अम्बेडकरनगर के टाण्डा-रायबरेली मार्ग (एन0एच0-232) के किमी-7 (परित्यक्त भाग) में स्थित क्षतिग्रस्त/सकरी पुलिया के स्थान पर 2x5 मी. स्पान के आर.सी.सी. लघु सेतु के निर्माण कार्य।**	101.60	14.00	87.60	1.97	0.00	85.63	**67.47**	**18.16**	**85.63**
			योग -	**399.39**	**194.63**	**204.76**	**7.48**	**0.00**	**197.28**	**155.44**	**41.84**	**197.28**

अवमुक्त धनराशि रू0 197.28 लाख (रूपये एक करोड़ सत्तानबें लाख अटठाईस हजार मात्र)

नियम व शर्तें/प्रतिबन्धों

(1) अवमुक्त की जाने वाली धनराशि केवल उपरोक्त अंकित परियोजनाओं पर ही मानक/ विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिये नहीं किया जायेगा ।

(2) उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति संबंधी मूल शासनादेशों की शेष शर्तें एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेंगी ।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 1,55,44,000 (रुपये एक करोड़ पचपन लाख चवालीस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 057 लेखाशीर्षक 5054041010421 कृषि विपणन सुविधा हेतु ग्रामीण सेतु निर्माण कार्य (चालू योजना) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रुपये 41,84,000 (रुपये इकतालीस लाख चौरासी हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 5054047891400 कृषि विपणन सुविधाओं हेतु ग्रामीण सेतुओं का निर्माण (चालू कार्य) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्यके नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक-07 जून, 2022 मे प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(अभय कुमार)
संयुक्त सचिव।

संख्या-47/2022/578(1) /001-46-sa-2022, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
(2) महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
(3) संबंधित मण्डलायुक्त/संबंधित जिलाधिकारी ।
(4) संबंधित मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग ।
(5) मुख्य अभियंता (सेतु), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
(6) प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, लखनऊ।
(7) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8।
(8) राज्य योजना आयोग अनुभाग-1/2 ।
(9) गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(अभय कुमार)
संयुक्त सचिव।